Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

PBB






Fri - 22 May - 2026 | Year - 01 | Issue - 46 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

## ‘गैंगस्टरां ते वार’: पंजाब पुलिस की 512 जगहों पर छापेमारी, 244 गिरफ्तार



चंडीगढ़, 22 मई: पंजाब को अपराध और नशे से मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ‘गैंगस्टरां ते वार’ के 122वें दिन पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने राज्यभर में चिन्हित और मैप किए गए 512 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर 244 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान छह हथियार भी बरामद किए गए।

उल्लेखनीय है कि ‘गैंगस्टरां ते वार’ अभियान की शुरुआत 20 जनवरी 2026 को गौरव यादव द्वारा की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाना है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें लगातार विशेष अभियान चला रही हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस विशेष मुहिम की शुरुआत से अब तक कुल 31,208 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं। कार्रवाई के दौरान 116 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई, जबकि पूछताछ के बाद 20 लोगों को रिहा कर दिया गया। इसके अलावा पुलिस ने पांच भगोड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पंजाब पुलिस ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। लोगों को एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से गैंगस्टरों, वांछित अपराधियों और आपराधिक गतिविधियों की जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पुलिस का कहना है कि जनता की भागीदारी से अपराध के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत बनाया जा सकता है।

इसी के साथ पंजाब पुलिस ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम ‘युद्ध नशेयां विरुद्ध’ के 447वें दिन भी कार्रवाई जारी रखते हुए राज्यभर से 57 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से 7.3 किलो हेरोइन, 60 किलो भुक्की, 255 नशीली गोलियां और कैप्सूल तथा 3050 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है

पुलिस आंकड़ों के अनुसार, इस अभियान के तहत पिछले 447 दिनों में कुल 65,092 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा पंजाब पुलिस नशा मुक्ति और पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दे रही है। इसी कड़ी में आज छह व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार के लिए प्रेरित किया गया।

पंजाब पुलिस ने दोहराया कि राज्य में अपराध, गैंगस्टर नेटवर्क और नशा तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा लोगों को सुरक्षित माहौल देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## पूर्व विधायक साही राम बिश्नोई चौधरी के निधन पर स्पीकर संधवां ने जताया गहरा शोक



चंडीगढ़, 22 मई: पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने अबोहर से पूर्व विधायक साही राम बिश्नोई चौधरी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि साही राम बिश्नोई चौधरी का राजनीतिक जीवन जनसेवा, ईमानदारी और समर्पण का प्रतीक रहा है। समाज और क्षेत्र के विकास के लि

स्पीकर संधवां ने कहा कि राजनीति और सामाजिक जीवन के प्रति उनका अटूट समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि दिवंगत नेता ने अपने सार्वजनिक जीवन में लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया।

संधवां ने उनके निधन पर शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## आवारा कुत्तों पर सख्त होगी पंजाब सरकार, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पूरे राज्य में होंगे लागू



चंडीगढ़, 22 मई: पंजाब में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों और लोगों में बढ़ रही चिंता के बीच भगवंत सिंह मान ने बड़ा ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार आवारा कुत्तों संबंधी सुप्रीम कोर्ट के 19 मई 2026 के आदेशों को पूरे राज्य में सख्ती से लागू करेगी।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाया जाएगा, ताकि लोग बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से घूम-फिर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार आवश्यक संख्या में डॉग शेल्टर (आश्रय गृह) बनाएगी, जहां इन कुत्तों की उचित देखभाल की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार इस समस्या का मानवीय और कानूनी समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रेबीज़, लाइलाज बीमारी से पीड़ित या अत्यधिक खतरनाक कुत्तों के मामलों में पशुओं पर क्रूरता निवारण अधिनियम।

## शास्त्रीय संगीत और सामाजिक संदेश का अद्भुत संगम, डॉ. मलकीत सिंह जंडियाला की प्रस्तुति ने मोह लिया मन

चंडीगढ़: भारतीय शास्त्रीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित प्राचीन कला केंद्र द्वारा "हॉर्न-मुक्त चंडीगढ़" विषय पर एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं संगीत संध्या का आयोजन पंजाब कला भवन स्थित डॉ. एम. एस. रंधावा सभागार में किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक डॉ. मलकीत सिंह जंडियाला ने अपनी मधुर और सधी हुई गायकी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर गुरमीत सिंह संधावालिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विनोद एस भारद्वाज वरिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशेष अतिथि के तौर पर सौरभ जोशी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ, उत्तरीय और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

डॉ. मलकीत सिंह जंडियाला ने अपने गायन की शुरुआत राग यमन से की। पारंपरिक आलाप के बाद उन्होंने विलंबित बंदिश "सलोना रे बालम मेरा" प्रस्तुत की, जिसने श्रोताओं को शास्त्रीय संगीत की गहराइयों में डुबो दिया। इसके बाद छोटे ख्याल की बंदिश "तू जग में शर्म रख मेरी" को बेहद भावपूर्ण अंदाज में पेश किया गया। कार्यक्रम का समापन द्रुत लय के सुंदर




तराने के साथ हुआ, जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं।

डॉ. मलकीत सिंह जंडियाला ने संगीत की शिक्षा पंजाब विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। उन्होंने संगीत में एम.ए. और पीएचडी की उपाधि हासिल की तथा बचपन से ही गायन में रुचि दिखाई। गुरबाणी के शब्दों से शुरू हुई उनकी संगीत यात्रा आज हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की गंभीर साधना तक पहुंच चुकी है। उन्होंने डॉ. भूपिंदर शीतल, प्रो. यशपाल, डॉ. अरविंद दत्ता और डॉ. गुरनाम सिंह जैसे प्रतिष्ठित गुरुओं से संगीत सीखा। वर्तमान में वे उस्ताद अमजद अली खान से भी संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

कार्यक्रम में तबले पर उस्ताद अकरम खान ने शानदार संगत कर संगीत प्रस्तुति को और ऊंचाई दी। हारमोनियम पर उस्ताद अमजद अली खान ने अपने शिष्य का उत्साहवर्धन किया, जबकि सारंगी पर उस्ताद मुराद अली ने बेहतरीन संगत प्रस्तुत की।

संगीत कार्यक्रम के दौरान ध्वनि प्रदूषण और अत्यधिक हॉर्न बजाने से होने वाली परेशानियों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पारुल सूद ने ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि लगातार तेज आवाज और हॉर्न के संपर्क में रहने से तनाव, उच्च रक्तचाप, नींद संबंधी समस्याएं, सुनने की क्षमता में कमी, हृदय रोग और बच्चों के मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के सचिव सजल कौसर और कथक गुरु एवं रजिस्ट्रार डॉ. शोभा कौसर भी उपस्थित रहे। सजल कौसर ने दर्शकों, मीडिया प्रतिनिधियों, अतिथियों और कलाकारों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचीन कला केंद्र भविष्य में भी कला|

## भीषण गर्मी के बीच पंजाब सरकार का बड़ा फैसला, दफ्तरों, स्कूलों और कॉलेजों का समय



चंडीगढ़, 22 मई: पंजाब में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने बड़ा जनहितैषी फैसला लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की है कि प्रदेश में पंजाब सरकार के सभी दफ्तरों, स्कूलों और कॉलेजों के कामकाज का समय बदल दिया गया है। नया समय 25 मई से लागू होगा और अगले आदेशों तक जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब सरकारी दफ्तरों में काम सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगा, जबकि पहले कार्यालयों का समय सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक था। सरकार का कहना है कि यह फैसला आम जनता, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है ताकि लोग भीषण गर्मी से राहत पा सकें और अपने जरूरी काम आसानी से निपटा सकें।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्यभर में पड़ रही तेज गर्मी के कारण लोगों को दिन के समय सरकारी दफ्तरों में आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में सरकार ने सभी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श करने के बाद यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि बदले हुए समय से लोग सुबह-सुबह अपने सरकारी काम आसानी से पूरा कर सकेंगे और उन्हें काम के लिए अलग से छुट्टी लेने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि नए समय से सरकारी कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी, क्योंकि वे दोपहर में तापमान अधिक बढ़ने से पहले अपनी ड्यूटी समाप्त कर सकेंगे। इसके अलावा स्कूलों और कॉलेजों का समय भी बदलने से अभिभावकों और बच्चों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कर्मचारी अपने बच्चों के साथ अधिक समय बिता सकेंगे, क्योंकि स्कूल और कॉलेज भी लगभग उसी समय बंद होंगे।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह फैसला पंजाब सरकार की लोकहित और जनसुविधा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा ऐसे फैसले लेने के लिए प्रतिबद्ध है, जो सीधे तौर पर लोगों के जीवन को आसान बनाएं।

मुख्यमंत्री ने बिजली की बढ़ती मांग का भी उल्लेख करते हुए बताया कि पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में बिजली का पीक लोड दोपहर 1 बजे के बाद शुरू होता है।

TruSoft | GST ACCOUNTING SOFTWARE WITH INVENTORY CONTROLS | ERP | Software that touches every part of your business.

Advertisement

SOFTWARE & WEB DEVELOPMENT

"Design is not just what it looks like and feels like. Design is how it works."

CUSTOM SOFTWARE DEVELOPMENT | WEB DEVELOPMENT | MOBILE APP DEVELOPMENT | CLOUD SOLUTIONS




ACCURATE ACCOUNTING
INVENTORY CONTROLS
GST COMPLIANCE
SIMPLE & SECURE
RELIABLE SUPPORT

CALL US TODAY!
+91-9041012531

Software for Manufacturers, Traders, Dealers/Distributors

ALSO FOR:
- Clinical Labs
- Schools
- Drycleaners
- Transportation
- Pharmaceuticals
- Library
- Non Banking/Finance
- Weighing Scales
- Institutes
- Readymade Garments
- Dairies
- Cold Storage
- Hotels, Restaurants
- Apparels, Footwear
- Shuttering
- Sabzi Mandi



www.trusofterp.com | support@trusofterp.com | Smart Solutions. Stronger Businesses

herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.